## महत्वपूर्ण एवं खास

### रायगढ़ जिले के 50 वें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ग्रहण किया पदभार

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट में जिले के 50 वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टाइलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2010 बैच के अधिकारी हैं और इसके पूर्व संचालक, पंचायत के पद पर पदस्थ थे। वे कलेक्टर बेमेतरा, बलोदा बाजार व महासमुंद के पद पर भी रहे हैं।

### रायपुर से गुजरने वाली दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें रद्द

**रायपुर (आरएनएस)।** सवारी गाडिय़ों के अनियमित संचालन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेलवे हर दिन अलग-अलग कारण बताकर यात्री गाडिय़ों को रद्द कर रही है। इस बीच रेलवे ने एक बार फिर रायपुर से गुजरने वाली 25 ट्रेनें रद्द कर दी है। दरअसल, तीसरी लाइन को जोडऩे के काम की वहज से करीब 25 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। इसमें सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस, पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस, पोरबंदर-संतागाछी एक्सप्रेस, दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर ट्रेन शामिल है। ट्रेनों के कैंसिल होने की सूचना से रेलवे के प्रति लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

### मध्यान्ह भोजन खाकर एक दर्जन बच्चे पहुंचे अस्पताल

**बलौदा बाजार (आरएनएस)।** भाटापारा के ग्राम लेवई में मध्यान्ह भोजन खाने के तुरंत बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। 12 से अधिक बच्चों को सिविल हास्पिटल भाटापारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मिड डे मिल खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगडऩे से गांव में हडक़ंप मच गया है। ग्राम लेवई के शासकीय मिडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन करने के बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ गई. बच्चों की तबीयत खराब होने की वजह फूड पॉइजनिंग होने की आशंका जताई जा रही है. बताया जा रहा है फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है. बच्चों की तबीयत खराब होने से प्रशासन में हडक़ंप मच गया है। इस मामले में एसडीएम नरेंद्र बंजारा ने बताया कि मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चों की तबियत बिगड़ी है। 4 बच्चों को उल्टी की शिकायत मिली थी। एहतियात के तौर पर सभी बच्चों को हमने हॉस्पिटल में भर्ती कर दिया है जहां इन बच्चों की जांच की जा रही है. इस मामले में आगे जानकी जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगनग्राम लेवई रवाना हो गए है.

### अनुविभागीय अधिकारी व डीईओ को कारण बताओ नोटिस

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने समय सीमा की बैठक से अनुपस्थित रहने व निर्वाचन से जुड़े आवश्यक तैयारी के संबंध में जानकारी प्राप्त नहीं पर अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसी तरह 11 अक्टूबर 2023 को नोडल अधिकारियों की बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर विधानसभा निर्वाचन 2023 के कार्यों में व्यवधान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जिला शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों को अपना जवाब 24 घंटे के भीतर उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

# कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने पदभार ग्रहण कर की जिले में निर्वाचन की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा

- निर्वाचन संपन्न कराने सभी अपने जिम्मेदारियों का गंभीरता से करें निर्वहन- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- सभी कंट्रोल रूम और ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण





**रायगढ़।** जिले के नव पदस्थ कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन की प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जिले में आचार संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन के सभी कार्यों के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं तथा टीमें भी गठित कर दी गई हैं। सभी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, जिससे व्यवस्थित और सुचारू रूप से निर्वाचन का कार्य संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेन्दर यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर संतन देवी जागड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन तिथि घोषणा पश्चात आवश्यक तैयारी के संबंध में जानकारी ली। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव पाण्डेय ने निर्वाचन तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के चार विधान सभाओं में 1085 मतदान केंद्र हैं। जिसमें से रायगढ़ विधानसभा के 59 मतदान केन्द्र सारंगढ़ जिले में है। इसके साथ उन्होंने प्रस्तावित स्थल, भवन तथा नाम परिवर्तन के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार मतदान केन्द्रों की जानकारी देते हुए निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के संबंध में जानकारी दी।

कलेक्टर गोयल ने मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की जानकारी ली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ने नाम निर्देशन हेतु निर्धारित स्थल की जानकारी दी एवं उन्होंने बताया की तीन विधानसभाओं का सामग्री वितरण-वापसी केआईटी रायगढ़ तथा धरमजयगढ़ विधानसभा सामग्री वितरण डाइट धरमजयगढ़ से किया जाएगा। जिसके लिए पर्याप्त मैन पावर, ईवीएम उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संगवारी, आदर्श, दिव्यांग एवं युवा मतदान केन्द्रों के कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर गोयल ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्वाचन कार्य के सुचारु संपादन हेतु निर्देशित किया तथा आयुक्त आबकारी को गठित टीम के माध्यम से जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब परिवहन, भंडारण ब्रिकी पर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती चौकसी को लेकर भी पुलिस अधिकारियों और निगरानी दल को निर्देशित किया।

**कंट्रोल रूम, ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण-** कलेक्टर गोयल ने निर्वाचन कार्य संचालन हेतु बनाए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सभी रजिस्टर को अपडेट करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सी-विजिल कक्ष भी पहुंचे। यहां उन्होंने एप के माध्यम से प्राप्त शिकायत, एफएसटी को फॉरवर्ड एवं शिकायत निराकरण के संबंध में जानकारी ली। वीएसटी, लेखा, सहा.व्यय पर्यवेक्षकों के कक्ष में पहुंचे एवं उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पोस्टल बैलेट कंट्रोल रूम व एमसीएमसी का भी निरीक्षण कर वहां काम काज की जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यो के निर्वहन के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने तहसील कार्यालय परिसर में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा के साथ ही रिकॉर्डिंग के निर्देश दिए, साथ ही कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर रेगुलर मॉनिटरिंग व जानकारी संधारित करने के निर्देश वहां सुरक्षा में तैनात गार्ड को दिया।

## आबकारी विभाग ने देलारी जंगल में नष्ट किया अवैध शराब का बड़ा जखीरा



**रायगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कुरोड़ोंगी जंगल (देलारी) में नाले के किनारे छापामार कार्यवाही की गई। अवैध शराब निर्माण का बड़ा अड्डा नष्ट किया गया। कार्यवाही में 50 लीटर क्षमता वाले तीन ड्रम में 150 लीटर, 15 लीटर क्षमता वाले पांच ड्रम में 75 लीटर, पांच लीटर क्षमता वाले चार जरीकेन में 20 लीटर कुल 245 लीटर अवैध रूप से आसवित महुआ शराब और 27 ड्रामों में प्रत्येक में 100-100 किलोग्राम कुल 2700 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। कार्यवाही आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर प्रभारी हाबिल खलखो द्वारा की गई।

## अवैध परिवहन को लेकर लगातार जांच जारी रखने व नियमित रिपोर्टिंग के कलेक्टर गोयल ने दिए निर्देश

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व एसपी सदानंद कुमार निकले अंतर्राज्जीय सीमा चेक पोस्ट के निरीक्षण में



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के 50 वें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर कार्तिकेया गोयल निर्वाचन की तैयारियों को लेकर पूरे दिन भर एक्टिव मोड में रहे। दिन में उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों की बैठक ली, कंट्रोल रूम और वेयर हाऊस का निरीक्षण कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिसके पश्चात देर शाम वे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के साथ अंतर्राज्जीय सीमा पर बने चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के निरीक्षण में निकले। कलेक्टर गोयल ने एकताल, रेंगालपाली और लारा में अंतर्राज्जीय बार्डर का निरीक्षण किया।

कलेक्टर गोयल ने सभी चेकपोस्ट पर तैनात टीमों से बार्डर पर निगरानी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित फार्मेट में जांच की पूरी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कहा। सभी दलों को पूरी सक्रियता के साथ अंतर्राज्जीय सीमा पर निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ऐसे चेक पोस्ट पर सीसी टीवी भी लगाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गोयल ने अब तक संधारित पंजियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा उसमें नियमित रूप से सारी जानकारी प्रतिदिन भरने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीमा पर अवैध राशि, सामग्री, शराब परिवहन की पूरी सुक्ष्मता से जांच की जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने इस दौरान वहां पर तैनात जवानों को अलर्ट रहकर लगातार आवाजाही की जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की अवैध परिवहन पर कार्यवाही होती है तो उस संबंध में तत्काल रिपोर्टिंग के निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुर्गा पंडाल समितियों की बैठक लेकर आचार संहिता की दी गई जानकारी

- निर्देशों का पालन करने के दिए गए निर्देश
- कलेक्टर गोयल के निर्देश पर सभी एसडीएम व पुलिस अधिकारियों ने अपने क्षेत्र में ली बैठक





**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले के सभी एसडीएम व पुलिस अधिकारियों द्वारा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर दुर्गा पंडाल आयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। रायगढ़ में एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीएम गगन शर्मा ने बैठक ली। वहीं खरसिया में एसडीएम रोहित सिंह व एसडीओपी प्रभात पटेल ने बैठक ली। लैलूंगा में एसडीएम अक्षा गुप्ता ने बैठक ली। जिसमें अधिकारियों द्वारा आयोजकों को जानकारी दी गई कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे में सभी आयोजक समितियां इस संबंध में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। किसी भी पंडाल में राजनैतिक गतिविधियां न ही संचालित होंगी, न ही किसी पार्टी या अभ्यर्थी का प्रचार किया जाएगा। पंडाल में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग के लिए संबंधित एसडीएम ऑफिस से अनुमति लेनी होगी और माननीय उच्च न्यायालय कोलाहल अधिनियम का पालन करना होगा। इसमें रात 10 बजे के पश्चात ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं करने व ध्वनि सीमा निर्धारित डेसीबल के अंदर रखने के निर्देश दिए गए। प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित स्थान व रूट का पालन करना होगा।

बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों को ध्वनि प्रदूषण को लेकर माननीय उच्च न्यायालय के गाइडलाइन को बताया गया और उनका पालन करने निर्देशित कर ध्वनि विस्तार की यंत्रों की ध्वनि निर्धारित डेसिबल में रखना कहा गया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के समय आ रहे व्यवहारिक समस्याओं के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके संबंध में अधिकारियों ने पृथक से विसर्जन के पूर्व बैठक आयोजित कर आ रही समस्याओं का उचित निराकरण करने बताया गया है। बैठक में थाना प्रभारी कोतवाली, चक्रधरनगर, जूटमिल एवं कोतरारोड उपस्थित थे।

वहीं धर्मजयगढ़ में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा स्थानीय प्रशासन व पुलिस अधिकारीगण के साथ दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों के साथ मीटिंग ली गई। इसी प्रकार सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी द्वारा तहसीलदार के साथ मिलकर समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित कर उन्हें आचार संहिता का पालन करने कहा गया है।

## केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर राजधानी रायपुर में बना दुर्गा पंडाल, देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़



**रायपुर (आरएनएस)।** देशभर में 15 अक्टूबर से नवरात्रि का त्योहार शुरू हो रहा है। जो पूरे 9 दिनों तक रहेगा। इस अवसर पर राजधानी रायपुर में तैयारियों जोरों से चल रही है। अलग अलग स्थानों में भव्या दुर्गा पंडाल बनाया जा रहा है।

वहीं राजधानी रायपुर के बूढ़ापारा स्थित बिजली आफिस के पास केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है। जो अब बेहद ही आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। देखने के लिए लोग यहां भारी मात्रा में पहुंच रहे हैं।

इस पंडाल के कांन्सेप्ट को लेकर पंडाल समिति के अध्यक्ष सुनील गायकवाद बताया कि काफी समय से ऐसा विचार आया था। कुछ अलग करें फिर समिति के लोगों ने ये निर्णय लिया कि पंडाल केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर बनाया जाए। 30 ?फीट में बने इस पंडाल में केदारनाथ की मंदिर का स्वरूप दर्शाया गया है। इस पंडाल में मां दुर्गा विराजमान होंगी। यहां भगवान शिव भी माता के साथ विराजमान होंगे।

## चोरी की मोटर सायकल बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

- चोरी की मोटर सायकल बरामद



**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को दिनांक 13.10.2023 के दोपहर मुखबिर से सूचना मिला कि ढिमरापुर चौक के पास एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल बेचने ग्राहक तलाश कर रहा है। तत्काल थाना प्रभारी ने अपने स्टाफ को ढिमरापुर चौक तस्दीकी के लिए रवाना किये। कोतवाली स्टाफ द्वारा ढिमरापुर चौक पर मुखबीर के बताये हुलिए अनुसार संदिग्ध युवक विकास सोनी निवासी कोतरारोड़ को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिससे चोरी की मोटर सायकल के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ किया गया। संदेही विकास ने 11 अक्टूबर के शाम सिटी हॉस्पिटल रायगढ़ के पार्किंग पर खड़ी एचएफ डीलक्स मोटर सायकल को डुप्लीकेट चाबी के जरिए चोरी कर ढिमरापुर चौक लाना और उसे विशाल मेडिकल के पीछे तालाब के पास छुपा कर रखना बताया। आरोपी विकास सोनी से मिली जानकारी पर कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 13 एजे 8508 बरामद किया गया।

बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में मोटरसाइकिल के पंजीकृत स्वामी सोनू वर्मा निवासी हिसार (हरियाणा) हाल मुकाम इंदिरा आवास अमलीभौना थाना जूटमिल द्वारा 12 अक्टूबर को सिटी कोतवाली रायगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सिटी हस्पिटल सत्तीगुडी चौक रायगढ में प्रायवेट नौकरी करता है, रोज की तरह 11 अक्टूबर की रात्रि सिटी हॉस्पिटल के पार्किंग में मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सीजी 13 एजे 8508 खड़ी कर गया था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर मोटरसाइकिल चोरी का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी जिसमें कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में सक्रिय किये गये मुखबीरों से मिली सूचना पर आरोपी- विकास सोनी पिता स्वर्गीय गोपी सोनी उम्र 30 साल निवासी विकास नगर अंबेडकर आवास मकान नंबर 18 कोतरारोड़ थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को पकड़ा गया जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बाइक चोरी के आरोपी की गिरफ्तारी एवं बाइक बरामदगी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, एसआई अमरनाथ शुक्ला, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, उत्तम सारथी और मनोज पटनायक की अहम भूमिका रही है।

## साइबर सेल और चक्रधरनगर पुलिस की क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही

- कार में बैठकर भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच में मोबाइल से सट्टा नोट कर रहे 4 आरोपी गिरफ्तार
- आरोपियों से क्रिकेट सट्टा में लगी 10790 रुपए, 10 मोबाइल, एक टैबलेट व एक कार जब्त




**रायगढ़।** भारत में आयोजित हो रहे विश्व कप क्रिकेट मैचो पर क्रिकेट सट्टा लगाए जाने की संभावना को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा साइबर सेल एवं सभी थाना, चौकी प्रभारी को मुखबिर सक्रिय कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा मुखबिर सक्रिय कर क्रिकेट सट्टा पर निगाह रखी जा रही है।

इसी कड़ी में दिनांक 14/10/2023 के शाम मुखबिर से सूचना मिली कि बेलादुला रोड पर एक संदिग्ध ब्रेजा कार में कुछ युवक बैठकर क्रिकेट सट्टा नोट कर रहे हैं। सूचना एसएसपी सदानंद कुमार के संज्ञान में आने पर उनके द्वारा साइबर सेल एवं थाना चक्रधरनगर की टीम को मौके पर जाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया। मौके पर एक ब्रेजा कार में बैठे चार युवक भारत-पाकिस्तान मैच में प्रत्येक गेंद पर मोबाइल से क्रिकेट सट्टा लगाने वालों से कागज पर नगद रकम नोट करते पकड़ा गया। आरोपियों से मौक पर जुआ रकम 10,790 रुपए, 10 मोबाइल फोन, एक टैबलेट, सट्टा पट्टी विवरण कागज और उनकी ब्रेजा कार CG 13 AS- 9142 को जप्त कर थाना चक्रधरनगर लाया गया, आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। जुआ रेट कार्यवाही में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर, प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक सुखनंदन पटेल, थाना चक्रधरनगर के सहायक उपनिरीक्षक नंद कुमार सारथी, साइबर सेल प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर, रेणु सिंह मंडावी, आरक्षक प्रताप बेहरा, धनंजय कश्यप, नरेश रजक तथा थाना चक्रधरनगर के आरक्षक उद्धव मांझी की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480